हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार, 16 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 पुलिस कर रही गुंडा बदमाशों की नियमित काउंसिलिंग



12 खरीदी केंद्रों में नहीं पहुंचे प्रभारी, अधिकांश जगह छाया रहा सन्नाटा










# अवैध अहाता बना मुसीबत, शिकायत पर कार्रवाई नहीं

- आमदी शराब दुकान के रास्ते में आधा दर्जन से अधिक खोमचे अवैध
- कृषक महिला मजदूर हो रही हैं छींटाकशी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





शराब दुकान के आसपास अहाता खोलकर शराब पिलाने वालों पर आबकारी विभाग मेहरबान है। कई बार शिकायत के बाद भी आमदी दारू भट्ठी के रास्ते में आधा दर्जन से अधिक लोग अवैध खोमचे खोलकर खुले आम दारू पीने की व्यवस्था दे रहे हैं। इस रास्ते पर हमेशा गुजरने वाली कृषक महिला मजदूरों का कहना है कि उनका इस रास्ते में आना-जाना लगा रहता है। रोड किनारे खेतों में कई जगह झोपड़ी बनाकर शराब पिलाई जाती है। शराबियों से उन्हें छींटाकशी का शिकार होना पड़ता है। आमदी की महिलाएं कलेक्टर से अवैध खोमचे के खिलाफ शिकायत कर चुकी हैं लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। महिलाओं ने अवैध अहाता संचालन को आबकारी विभाग के संरक्षण में चलना बताया।

नगर पंचायत आमदी की देसी मदिरा दुकान के अनुज्ञप्तिधारी भूषण गुप्ता ने बताया कि आमदी में देसी-विदेशी मदिरा दुकान के लोकोटेड अहाता को वार्षिक लाइसेंस फीस 18.91 लाख रूपये का ठेका प्राप्त हुआ है जिसका प्रतिमाह डेढ़ लाख से अधिक रूपये आबकारी विभाग में जमा करना पड़ता है। आमदी निवासी सात व्यक्ति शराब दुकान के मुख्य मार्ग से लगी कृषि भूमि पर झोपड़ी बनाकर विगत दो साल से डिस्पोजल गिलास के साथ मांस, मछली, अण्डा और अन्य चखना के साथ अवैध रूप से शराब पीने की व्यवस्था दे रहे हैं जिसके कारण अहाता के लाइसेंसी ठेका में उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। आबकारी अधिकारी सहित कलेक्टर से भी शिकायत की गई है लेकिन अवैध अहाता बेखौफ संचालित है। भूषण गुप्ता ने अवैध अहाता को बंद कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# शिकायत शाखा के प्रभारी को शीघ्र हटाने की मांग

**धमतरी**। व्हाट्सएप पर शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने पर निलंबित हुए शिक्षक ढालूराम साहू को अब शिक्षा विभाग ने बहाल कर दिया है। संयुक्त शिक्षक संघ जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष अमित महोबे ने बताया कि जिस मुद्दे पर शिक्षक ढालूराम साहू को निलंबित किया गया, वह मुद्दा छात्र हित से जुड़ा हुआ है। उन्होंने इस मामले में शिकायत शाखा के लिपिक को हटाने की मांग फिर से की है। कुरूद विकासखंड की शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नारी में पदस्थ सहायक शिक्षक ढालूराम साहू का निलंबन अब समाप्त कर दिया गया है। 3 नवंबर 2025 को उन्हें निलंबित किया गया था। अमित महोबे ने बताया कि शिक्षक ढालूराम साहू के निलंबन को लेकर पूरे प्रदेश के शिक्षकों में आक्रोश था। इस मामले में संयुक्त शिक्षक संघ ने सबसे पहले विरोध दर्ज किया था। संघ के सदस्यों ने जिला शिक्षाधिकारी से बात-चीत की जिसके बाद शिक्षक का निलंबन समाप्त करने और शिकायत शाखा के बाबू को संबंधित शाखा से हटाने का निर्णय लिया गया। 13 नवंबर को जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय द्वारा शिक्षक का बहाली आदेश जारी करते हुए उन्हें पुनः उसी विद्यालय में पदस्थ कर दिया गया, लेकिन शिकायत विभाग के बाबू को आजपर्यन्त तक नहीं हटाया गया है।






## खबर संक्षेप

### पीएमश्री कठौली में लगा एफएलएन मेला

**सिर्री।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में 14 नवंबर को बाल दिवस के मौके पर करके देखबो सीख के रहिबो एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा गतिविधियों के माध्यम से सीखने सिखाने के लिये अनेक स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिये जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू पहुंचे। उन्होंने खुद बच्चे बनकर स्टॉल में विषय संबंधित सवाल बच्चों से पूछा। बच्चों ने भी सवालों का संतोषप्रद जवाब दिया। कार्यक्रम को लेकर शिक्षकगण भी काफी उत्साहित रहे। मौके पर सरपंच डा. खेमराज साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गणेशराम साहू, शिक्षाविद रूपकला साहू ने भी बच्चों के साथ गतिविधियों में भाग लिया। मौके पर समिति के सदस्य देवनारायण सेन, धनेश्वरी साहू, यशोदा साहू, प्रपा ललित साहू, संकुल समन्वयक दिनेश साहू, शिक्षक यशवीर जांगड़े, ऋतुराज, बसंत, संगीता, गुलायची साहू, लोकेश साहू समेत स्कूली बच्चे, स्टाफ व अन्य लोग उपस्थित थे।

## निधन

### झुनियाबाई साहू



**मगरलोड।** ग्राम करेली छोटी निवासी श्रीमती झुनियाबाई साहू उम्र 92 वर्ष का निधन 13 नवंबर गुरुवार को हो गया। वे अपने पीछे पुत्र रूपलाल, कोमल, सोमन, लक्ष्मण व डॉ परमेश्वर साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन, सामाजिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### रामरतन छेदैहा



**नगरी।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी के महासचिव नरेश छेदैहा के बड़े भाई रामरतन छेदैहा 75 वर्ष का निधन 13 नवंबर गुरुवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा मंझले भाई शिवरतन लाल ध्रुव छेदैहा के निवास डीहीपारा वार्ड क्रमांक 01 धमतरी रोड नगरी से निकली। उनका सम्पूर्ण जीवन समीपस्थ ग्राम हरदीभाठा में व्यतीत हुआ।

मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए तौल-कांटा, बोरों की उपलब्धता

# पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी शुरू, किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ नगरी मंडी में पूजा-अर्चना के साथ किया गया। खरीदी कार्य शुरू होते ही किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, सोसाइटी अध्यक्ष नरेंद्र नाग, एसडीएम प्रीति दुर्गम, नपं पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अजजा जिलाध्यक्ष महेंद्र नेताम, महामंत्री रूपेंद्र साहू, तुलसीराम साहू, गुरुप्रसाद साहू, पार्षद राजा पवार, शंकरदेव, किसान सहदेव साहू, धनीराम साहू, रामरतन साहू, शत्रुघ्न कश्यप, कैलाश देव तथा शांतनु कोसरे सहित कई किसान उपस्थित थे।

अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं जैसे तौल-कांटा, बोरों की उपलब्धता, गुणवत्ता जांच, टोकन वितरण तथा साफ-सफाई पहले से ही सुनिश्चित की गई हैं। खरीदी केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा नहीं होने दी जाएगी। किसानों ने समय पर खरीदी प्रारंभ होने पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि तय समय पर धान खरीदी शुरू होने से उन्हें अपनी फसल बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। किसानों ने कहा कि सुचारू खरीदी प्रक्रिया ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है और किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।

## चर्रा सोसाइटी में तौल कांटा की हुई पूजा



नहीं कटा था टोकन, एक भी किसान का पहले दिन नहीं बिका धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

प्रदेशभर में धान खरीदी समर्थन मूल्य पर शुरू हो चुकी है किंतु कुरुद विकासखंड के वृहत्कार मर्यादित सहकारी संस्था चर्रा प्रथम दिन एक भी किसानों की धान खरीदी नहीं हुई। जनप्रतिनिधियों ने इस दिन केवल धान खरीदी के लिए तौल कांटा का पूजा पाठ किसानों की उपस्थिति में किया गया। शनिवार को चर्रा सोसाइटी के प्राधिकृत अधिकारी रामकुमार साहू, चित्रलेखा ध्रुव जनपद सदस्य, दुलेश्वर ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य, सरपंचगण कमलेश्वरी ध्रुव चर्रा, आनंदराम साहू बानगर, खुमेश्वरी साहू डांडेसरा, दामिनी चंद्राकर, उपसरपंच ललिता यादव, उत्तम बैस पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, प्रदीप यादव पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, राकेश बैस, रिखीराम साहू, काशीराम साहू वरिष्ठ नागरिक, कन्हैयालाल बैस, चौबिल साहू, गौराम साहू, बिसन ध्रुव पटवारी ने सभी किसानों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। प्राधिकृत अधिकारी श्री साहू ने बताया कि 15 नवंबर के लिए एक भी किसान ने धान विक्रय हेतु टोकन नहीं लिया था, जिसके कारण इस दिन शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी की औपचारिक शुरुआत किसानों का स्वागत एवं तौल कांटा की पूजा-अर्चना कर की गई। आगामी 17 नवंबर से यहां भी धान खरीदी नियमित रूप से शुरू हो जायेगी।

## बिहार में एनडीए की जीत पर नगरी में फूटे पटाखे, आतिशबाजी कर मनाई खुशियां



यह जीत पीएम मोदी के विकास मॉडल और एनडीए की एकजुटता की है : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों में एनडीए ने अभूतपूर्व विजय हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद नगर पंचायत नगरी में जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और विजय उत्सव मनाया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल, सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्र प्रथम की नीति की जनता द्वारा फिर से की गई मजबूत मुहर है। बिहार की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अब किसी भी हालत में जंगलराज को वापस नहीं आने देगी। श्री बैस ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नए युग में प्रवेश कर चुका है जहां गरीब कल्याण, युवाओं के लिए अवसर, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों के सम्मान और आम जन की आकांक्षाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। मौके पर जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जपं अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, विकल गुप्ता, मोहन नाहटा, अजय नाहटा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुराने आवास को जल्द पूर्ण करने किया जा रहा प्रेरित

- विभिन्न ग्राम पंचायतों में आवास उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



जिले के नगरी विकासखंड में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को नवीन आवास निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने और पुराने आवास को जल्द ही पूर्ण करने हेतु प्रेरित करने के लिए विभिन्न ग्राम पंचायतों में आवास उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 नवंबर को ग्राम पंचायत बटनहर्रा एवं सिहावा में आवास उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई। यह कार्यक्रम कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम के दौरान पुराने आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा नवीन स्वीकृत आवासों पर कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने दिशा-निर्देश दिए गए। सीईओ ने लंबित आवास पूर्ण करने हेतु लाभार्थियों को प्रेरित किया। नवीन स्वीकृत आवासों पर तुरंत कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने तकनीकी एवं प्रशासनिक सुझाव दिया गया। निर्माण सामग्री की उपलब्धता एवं मानक प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसी क्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संकुल संगठन बेलरगांव में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सेंटरिंग प्लेट व निर्माण सामग्री के समुचित उपयोग एवं उपलब्धता पर चर्चा हुई। महिलाओं को आजीविका गतिविधियों में अग्रसर करने प्रोत्साहित किया गया। बैठक में मिश्रीलाल गौर, सरपंच, सचिव, ग्राम पटेल, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### संस्था एवं कोर्स परिवर्तन 20 नवंबर तक कर सकेंगे

**धमतरी।** शासकीय, अशासकीय आईटीआई, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन करना चाहते हैं, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल में संस्था एवं कोर्स परिवर्तन करने की आवश्यकता हो, उनके लिए 20 नवम्बर तक तिथि निर्धारित की गई है।

## प्रोविडेंस हाईस्कूल में लगा आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



- बच्चों की प्रतिभा देख खुश हुए पालक

प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल नगरी में बाल दिवस पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। बच्चों ने अलग-अलग स्टॉल लगाकर खाद्य सामग्री, शैक्षणिक वस्तुएं, कलात्मक उत्पाद और अन्य आकर्षक सामानों की बिक्री की। आनंद मेला का शुभारंभ पार्षद श्रीमती मिकी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर विकल गुप्ता, पूर्व प्राचार्य सुखराम सिन्हा, नंद कुमार प्रजापति, प्राचार्य श्रीमती सुनीता कश्यप, श्रीमती बनमाला साहू, सुरेश यादव, रवि शंकर पांडे, मनीष ग्वाल, संदीप सोनी, दिनेश पटेल, मो. रियाज, निर्मल देवांगन, किंजल लाल देवांगन उपस्थित थे।



बच्चों द्वारा लगाए गए विविध स्टॉल देखकर सभी अतिथि एवं पालक बेहद प्रसन्न दिखे और बच्चों की रचनात्मकता व प्रतिभा की सराहना की। संस्था के डायरेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में दक्ष होना बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। इस आयोजन में आनंद मेला व्यवस्था प्रभारी हेमराज हिरवानी, कोशिश निर्मलकर, संगीता साहू, श्रीमती एस. वर्मा, सुशीला साहू, किरण पटेल, मुनेश्वरी साहू, डी. मोहन, नर्मदा साहू, अनीता कश्यप, अंजु साहू, सदिया मिर्जा, चित्रलेखा भानमती, भंडारी धात्री साहू का सहयोग रहा।

## सिवनीकला हाईस्कूल में हुआ आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री





- जनप्रतिनिधियों ने पकवानों का स्वाद चखा

शाउमावि सिवनीकला में बाल दिवस पर स्कूल परिसर में आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच लता ध्रुव और टेकराम साहू जनपद सदस्य उपस्थित हुए। पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को याद किया गया। स्कूल परिसर में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न पकवानों, खाद्य सामग्रियों का स्टाल लगाया गया था। साथ ही गेमिंग स्टाल भी बच्चों ने लगाया था। इस दौरान जनप्रतिनिधि ने विभिन पकवानों का स्वाद चखा। गेम स्टाल में उत्साह के साथ शामिल हुए।

इस अवसर पर लता ध्रुव सरपंच, टेकराम साहू जनपद सदस्य, टकेश्वर चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, दीपदान साहू उपसरपंच, चंद्रप्रकाश साहू सहकारी समिति अध्यक्ष सिवनीकला, जीतेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, विक्रम साहू पूर्व सरपंच, डॉ कपिल देव पटेल बूथ अध्यक्ष, पंचगण सुषमा साहू, ममता सेन, चंद्रकिरण तारक, सुरेश साहू, धनराज निर्मलकर, पूर्व पंच सुरेश साहू, दिलीप साहू, खिलावन चंद्राकर, चंद्रहास सहित प्राचार्य टीआर पटेल, शिक्षकगण प्रभा ठाकुर, रोहिणी कोसरे, सुनीता मारकण्डे, टिकेश्वरी साहू, रूक्मणि पैकरा, दीपक धीवर, डीआर बंजारे, किशन गायकवाड़, जेके साहू, जीतेश्वर साहू, हरीश साहू, अजय साहू, कुसुमलता साहू, डीके साहू उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### भेंडरा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू



**कुरुद।** बाबू पंढरी राव कृदत्त महाविद्यालय सिलौटी के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम भेंडरा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू ने किया। प्राचार्य डॉ भावना कमाने ने बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों तक चलने वाले शिविर के माध्यम से गांव में साफ-सफाई की जाएगी। शिविर में स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता, डिजिटल इंडिया, जल संरक्षण, मानवाधिकार आदि पर रैलियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा स्वयंसेवकों में नेतृत्व की क्षमता बढ़ाने के लिए बौद्धिक कार्यक्रम भी होगा। इस अवसर पर सरपंच मंडावी, ग्रामीण नन्दकुमार साहू, दुलार सिन्हा, गणेश साहू, पंचगण एवं कॉलेज के प्राध्यापकगण व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### तहसील पेंशनर्स समाज ने नए पेंशनरों का किया स्वागत



**नगरी/सिहावा।** शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए नए सदस्यों ने पेंशनर्स समाज की सदस्यता ग्रहण की। बिंदाबाई मरकाम नगरी, अशोक देवदास शिक्षा विभाग फरसियां का तहसील पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष आरएल देव ने श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। मौके पर एएल बनपेला, बीएस सुरेशा, जोन प्रभारी एलएस गजपाल, पीएल सिन्हा, जीसी साहू, पीआर चन्द्रवंशी, एसपी ग्वाले, एसके नाग, महिला प्रभारी अल्का गजपाल, बीएस सार्वा, शकुन कश्यप ने हर्ष जताया है।

### फरसियां से नगरी तक निकलेगी पदयात्रा



**नगरी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर महामाई फरसियां से नगरी नगर के बजरंग चौक तक प्रस्तावित 10 किमी की पदयात्रा की तैयारियों की समीक्षा गई। जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जपं अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, अनुविभागीय अधिकारी नगरी प्रीति दुर्गम तथा सीईओ जपं रोहित बोरझा ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पदयात्रा मार्ग, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि सरदार पटेल जयंती का आयोजन भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

- जिपं अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने तैयारियों की समीक्षा की

### सांड बनाने कृत्रिम गर्भाधान से जन्मे 16 बछड़ों का चयन



**जीजामगांव।** पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा दुर्ग की टीम के द्वारा विकासखंड कुरूद में कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न कुल 16 बछड़ों का चयन सांड बनाने के लिए किया गया। डॉ भूपेंद्र सिन्हा द्वारा बताया गया कि कुरुद क्षेत्र के उच्च नस्ल एवं गुणवत्ता वाले प्रजनन योग्य बछड़ों का चयन टीम द्वारा किया गया। चयनित बछड़ों को राज्य के दूरस्थ अंचलों में पशु नस्ल सुधार हेतु सांड के तौर पर वितरित किया जाएगा। टीम द्वारा कुल 1 लाख 85 हजार रुपये के बछड़े पशुपालकों से खरीदे गए। इस टीम में डॉ. आरके गुप्ता उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला दुर्ग, डॉ पूजा जोल्हे, डॉ तारिणी नायक, दुलारूराम साहू, देवनारायण साहू एवं राजेंद्र साहू मौजूद थे।

- पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा दुर्ग की टीम ने किया चयन

### दादा की पुण्यतिथि पर दिया न्योता भोज



**अंवरी।** महेंद्र साहू एसएमसी अध्यक्ष प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सुपेला द्वारा अपने दादा स्व. सालिकराम साहू की पुण्यतिथि पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान सोहनलाल साहू सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## शिक्षा, स्वच्छता, डिजिटल इंडिया के मॉडल रहे आकर्षक

- बेलौदी विद्यालय में लगा बाल मेला, अतिथियों ने बच्चों के ज्ञान व क्षमता की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



शाउमावि बेलौदी में बाल मेला सह विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, कला व संस्कृति के प्रति अभिरुचि विकसित करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडल, प्रोजेक्ट व प्रदर्शित तकनीकी नवाचारों को गहनता से समझा और विद्यार्थियों के उत्साह व जिज्ञासा की सराहना की। अध्यक्षता मीना साहू सहकारिता उद्योग सभापति ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच सीताबाई साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उमेंद्र साहू, घनश्याम साहू, परमानंद साहू, रूपचंद साहू एवं डेमूराम साहू थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल, हस्तशिल्प, चार्ट, पर्यावरण संबंधित मॉडल, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, कृषि नवाचार एवं स्वास्थ्य-जागरूकता संबंधी परियोजनाओं का निरीक्षण किया और बच्चों के ज्ञान व क्षमता की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अशोक पटेल ने किया। इस आयोजन में एसके साहू, टीआर साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का रहा।

मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार बनती हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को बच्चों में नवाचार भावना विकसित करने तथा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को निरंतर ऊंचा उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, समूह गान, नाट्य प्रस्तुति एवं मंचीय गतिविधियों ने वातावरण को जीवंत कर दिया। बच्चों ने शिक्षा, स्वच्छता, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सामाजिक जागरूकता पर आधारित प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन 30 तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई पोस्टमेट्रिक स्कालरशिप डाट सीजी डाट नीक डाट इन/वेबसाइट पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन, पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर तय की गई है।

## डांडेसरा स्कूल में बाल दिवस पर हुआ खेलकूद एवं न्योता भोज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला डांडेसरा में बाल दिवस मनाया गया। मां सरस्वती एवं पं. जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, विशिष्ट अतिथि अंगदराम साहू, सुभाष ध्रुव, शासकीय प्राथमिक शाला के अध्यक्ष राजनारायण दीवान ने पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालक-बालिकाओं द्वारा कबड्डी, रिलेरेस, आलू दौड़, सुई धागा, दौड़ समेत अन्य कार्यक्रम रखा गया। एफएलएम मेला प्रदर्शनी रखी गई। कुर्सी दौड़ का आयोजन हुआ। सरपंच श्रीमती खुमेश्वरी साहू ने दोनों शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र छात्राओं को खीर पूड़ी परोसी गई। खेल में प्रथम, द्वितीय आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक शाला के छात्र छात्राओं को गणवेश बांटा गया।

मौके पर ढालसिंग दीवान, ईश्वर साहू, टिकेश्वर साहू, सचिव खेदनलाल निषाद, रोजगार सहायक एमंत कंवर, भोलेश्वर यादव, कमलेश्वरी साहू, तीजन साहू, सरस्वती लहरे, नीतू जोशी, बिसौहा विश्वकर्मा, प्रधानपाठक राजेश साहू, उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षक किरण कुमार साहू, सूर्यकांत साहू, बृजभूषण बंजारे, शहनाज़ बानो, अनिता साहू, हेमलता कंवर, खेमिन साहू, ऋचा शर्मा, डिगेश्वरी साहू, बीना गजेन्द्र, संतोषी दीवान उपस्थित

सत्यापन, पूछताछ व सामाजिक पुनर्वास की हो रही पहल

# पुलिस कर रही गुंडा बदमाशों की नियमित काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहरी क्षेत्र में सक्रिय गुंडा, निगरानी व आदतन बदमाशों पर सतत नजर रखते हुए उनकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने सिटी कोतवाली विशेष अभियान संचालित कर रही है।

एसपी धमतरी के निर्देशन व सीएसपी के मार्गदर्शन में कोतवाली क्षेत्र के बदमाशों को प्रत्येक शनिवार थाना कार्यालय में बुलाया जा रहा है जहां उनकी वर्तमान गतिविधियों, आर्थिक स्त्रोत, रहन- सहन की स्थिति, उनका मौजूद लोकेशन एवं दिनचर्या की विस्तृत जानकारी ली जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य केवल निगरानी ही नहीं बल्कि उनके अपराध की पुनर्रावृत्ति को रोकना, निगरानीशुदा व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। कोतवाली पुलिस द्वारा सभी निगरानी व गुंडा बदमाशों का सत्यापन, उनकी पारिवारिक व सामाजिक पृष्ठभूमि का विश्लेषण, निवास स्थल का सत्यापन व परिवर्तन की जानकारी, अपराधमुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। सीएसपी ने सभी को स्पष्ट निर्देश दिया है कि समाज में भय पैदा करने वाली प्रत्येक गतिविधियों को तुरंत बंद करें। गुंडागर्दी, धमकी व अवैध वसूली जैसी गतिविधियों से दूर रहे। शांति सदभाव व कानून का पालन करते हुए जनजीवन में योगदान दें।



## बदमाशों को पुलिस की चेतावनी

काउंसिलिंग के दौरान पुलिस ने बदमाशों को किसी संदिग्ध या आपत्तिजनक गतिविधि की जानकारी मिलते ही उन पर गैंग चार्ट, गुंडा एक्ट, स्थायी वारंट, लाइफ स्टाइल जांच व संपत्ति जांच जैसी कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। उन्हें समझाइश दी गई कि अच्छे कार्यों में संलग्न होकर सम्मानजनक जीवन जीने से समाज में उनका स्थान व भविष्य दोनों सुरक्षित रहेगा। पुलिस ने नागरिकों से क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील करते हुए कहा है कि सूचना के लिए डायल 112 अथवा नजदीकी पुलिस थाना में संपर्क करें।

# महतारी वंदन योजना में आई रुकावट

## ई-केवाईसी अपडेट न होने से हजारों महिलाओं की राशि अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली मासिक एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि इस बार हजारों महिलाओं के खाते में नहीं पहुंच पाई है। इसका कारण ई-केवाईसी अपडेट न होना है। जिले में करीब सवा दो लाख हितग्राही योजना का लाभ ले रही हैं, लेकिन इनमें से लगभग छह हजार महिलाएं ऐसी हैं जिनकी ई-केवाईसी अभी तक पूर्ण नहीं हो सकी है। विभाग के अनुसार यदि ये लाभार्थी समय पर ई-केवाईसी अपडेट नहीं करातीं, तो आगामी किस्तें रुक सकती हैं।

योजना 5 मार्च 2024 से जिले में शुरू हुई थी। तब से हर महीने करोड़ों की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से पात्र महिलाओं के खातों में पहुंच रही है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक प्रत्येक माह लगभग 22 करोड़ 56 लाख रुपए हितग्राहियों को दिए जाते हैं। हालांकि नवंबर माह में कई महिलाओं को राशि न मिलने से चिंता बढ़ गई है और वे लगातार बैंक व च्वाइस सेंटर के चक्कर लगा रही हैं।

ई-केवाईसी प्रक्रिया के लिए हितग्राहियों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और आधार से लिंक बैंक पासबुक की आवश्यकता हो रही है। कई महिलाओं के आधार कार्ड में नाम या पते की स्पेलिंग गलत होने की वजह से आवेदन अटक रहे हैं। ऐसे मामलों में उन्हें पहले आधार सुधार केन्द्र के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे प्रक्रिया और भी लंबी हो गई है। विभाग ने ऐसे सभी लाभार्थियों की सूची आंगनबाड़ी केन्द्रों को उपलब्ध करा दी है।

ई-केवाईसी अपडेट कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के 200 और शहरी क्षेत्र के 30 सीएससी सेंटर को जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन हितग्राहियों की भीड़ बढ़ने के साथ तकनीकी परेशानियां भी सामने आ रही हैं। पखवाड़ेभर तक पोर्टल बंद रहने के बाद हाल ही में इसे चालू किया गया, लेकिन सेंटर संचालकों के अनुसार अभी भी सर्वर बेहद धीमा है और फाइल अपलोड में समय लग रहा है।

इधर कई महिलाओं ने बताया कि नवंबर की राशि न मिलने से घर का बजट बिगड़ रहा है। अहिल्या बाई निषाद, सुमिता बाई, कौशल्या साहू, जानकी साहू, पार्वती साहू सहित कई हितग्राहियों ने कहा कि बैंक और च्वाइस सेंटर दोनों जगह से उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही।

अधिकारियों का कहना है कि सभी महिलाओं को ई-केवाईसी कराने की जरूरत नहीं है। केवल उन्हीं हितग्राहियों का ई-केवाईसी अपडेट होना आवश्यक है जिनका रिकॉर्ड अधूरा है या पहले सत्यापित नहीं हुआ। विभाग ने आश्वासन दिया है कि प्रक्रिया पूरी होते ही महिलाओं को पूर्व की तरह ही योजना का लाभ मिलता रहेगा। स्थिति को देखते हुए उम्मीद है कि ई-केवाईसी की बाधा दूर होने पर अगले माह तक सभी योग्य हितग्राहियों को राशि का लाभ समय पर मिल सकेगा।

## अब बिजली बिल जीरो, चेहरे पर सुकून की मुस्कान



**धमतरी।** रामबाग धमतरी निवासी ललित कुमार कश्यप के चेहरे पर आज सच्ची संतुष्टि की चमक झलकती है। उनके घर की छत पर लगा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का 3 किलोवाट का सोलर पैनल अब उनके जीवन में ऊर्जा, बचत और आत्मनिर्भरता की नई किरण लेकर आया है। उन्होंने बताया कि पहले हर महीने बिजली बिल आने का डर रहता था, अब बिल जीरो आता है। अब हमें बिजली कटने या बिल बढ़ने की चिंता नहीं रहती। सूरज की रोशनी से हमारा घर सचमुच रोशन हो गया है। अब उनके घर के पंखे, लाइट, फ्रिज और टीवी सब कुछ सोलर ऊर्जा से आराम से चल रहे हैं। वे मुस्कुराते हुए कहते हैं कि अब हम निश्चिंत होकर टीवी देखते हैं। बिजली जाने की चिंता नहीं रहती, क्योंकि दिनभर सोलर पैनल से जो बिजली बनती है, वहीं इन्वर्टर को चार्ज रखती है। शाम को भी जरूरत की सारी चीजें चल जाती हैं। हम जैसे मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। अब हमारी बचत बढ़ी है। पर्यावरण को भी नुकसान नहीं हो रहा। सोलर पैनल से प्राप्त बिजली न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा कर रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रही है।

## सैनिक बनने युवा बहा रहे पसीना

**धमतरी।** अग्निवीर भर्ती का उत्साह इन दिनों चरम पर है। युवाओं में देशभक्ति का ऐसा जज्बा देखने को मिल रहा है जो हर कदम पर यह साबित करता है कि वे अपने राष्ट्र के लिए कुछ बड़ा करने को तैयार हैं। रूद्री की फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी में सुबह 5 बजे से ही युवा पसीना बहाकर अपने सपनों को आकार दे रहे हैं। अकादमी के संचालक एवं ट्रेनर एलके साहू अब तक हजारों युवाओं का जीवन बदल चुके हैं। यहां की सबसे खास बात यह है कि निःशुल्क आवास, बेड, गद्दा और भोजन बनाने की सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, ताकि बाहर से आने वाले युवाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे केवल प्रशिक्षण पर ध्यान दे सकें। हाल ही में अकादमी के दो भाइयों का चयन आर्मी और नेवी में हुआ है। अब न सिर्फ धमतरी बल्कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर सहित अन्य जिलों के युवा भी यहां प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## सिहावा विस में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संगठन प्रमुख ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने साहू सदन नगरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सिहावा विधानसभा संगठन प्रभारी बीरेश ठाकुर के निर्देश तथा क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम की अध्यक्षता में हुई। श्री ठाकुर ने एसआईआर प्रक्रिया के तकनीकी बिन्दुओं और आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण आमजन के अधिकारों से जुड़ा संवेदनशील कार्य है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूर्ण सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से सिहावा विधानसभा क्षेत्र के लिए विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक प्रभारी एवं मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति की गई। विधानसभा प्रभारी भानेंद्रसिंह ठाकुर, कमलेश मिश्रा, प्रमोद कुंजाम, नगरी ब्लॉक प्रभारी सजल नाग, मीना बंजारे, नितिन पिंकी यदु, अभिषेक बंजारे, मुनेन्द्र कुमार, बेलरगांव प्रभारी राजू सोम, मनोज साक्षी, अय्यूब खान, उमेश देव, दुर्गेश कश्यप, अख्तर खान, कुकरेल प्रभारी करण चंद्राकर, रोहित मानिकपुरी, कमलनारायण, नीरज साहू, मगरलोड प्रभारी नारद साहू, बिसहत साहू, बालगोविंद साहू, उमेन्द्र सिन्हा, फुलसिंह सिन्हा, मास्टर ट्रेनर सिहावा विस पेमन स्वर्णबेर बनाए गए। बीरेश ठाकुर ने सभी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण निष्ठा से कार्य करते हुए पांचवें दिन बैठक कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक सोम, कैलाश प्रजापति, भूषण साहू, डीहू साहू, अखिलेश दुबे, भूपेंद्र ठाकुर, गजेंद्र दीवान, मयंक ध्रुव, गोकुल नेताम, संतोष कुंजाम, दुलेश्वर मरकाम, राजू कावड़े, कौशल नेताम, मिक्की गुप्ता, तामेश्वरी साहू, अनुसुईया साहू, टुकेश्वरी साहू, पुष्पा देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाओं को और भी प्रभावी बनाने पर दिया जोर



- जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव की अध्यक्षता में हुई जीवनदीप समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जीवन दीप समिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेल की कार्यकारिणी सभा एवं साधारण सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव की अध्यक्षता में हुई। जीवन दीप समिति कंडेल के सदस्यों की सहमति से विभिन्न कार्य एवं क्रय कराने की स्वीकृति प्राप्त हुई। अस्पताल आने वाले मरीजों के अच्छे इलाज की सुविधा की बात रखी गई। स्वास्थ्य सेवाओं को और भी प्रभावी बनाने, मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा केंद्र की दैनिक कार्यप्रणाली को मजबूत करने परचर्चा की गई। बैठक में सचिव डॉ. एजे खान खंड चिकित्सा अधिकारी गुजरा, केशव साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, जनपद सदस्य दिनेश्वरी साहू, गिरधर सार्वा सरपंच कंडेल, कृष्ण कुमार मरकाम विधायक प्रतिनिधि, रोशन, हीरालाल कुर्रे प्रभारी चिकित्सक, श्रीमती श्वेता परमार ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, शंभू रजक ब्लाक एकाउंटेंट एवं सोमेश साहू पीएडीए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेल उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### मुजगहन नाचन में डूबने से युवक की मौत

**धमतरी।** मछली पकड़ने गये एक युवक की नाचन में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन निवासी अश्वनी नेताम पिता श्याम उम्र 28 वर्ष शनिवार की सुबह घर से खाना खाकर मछली पकड़ने के लिये पास में स्थित नाचन में गया था। नाचन में ढेंस की खेती होती है। युवक नाचन में उतरकर मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान उसका पैर दलदल में फंस गया जिसके कारण युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। कोटवार ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवा पंचनामा की कार्रवाई कर जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### चोरी की तीन बाइक के साथ नाबालिग पकड़ाया



**धमतरी।** एसपी धमतरी के निर्देश पर थाना नगरी पुलिस को चोरी की लगातार हो रही घटनाओं पर कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना और सतत निगरानी के आधार पर एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया है। उसके कब्जे से कुल 6,300 रुपये नकद और 3 चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई लगातार फील्ड वेरिफिकेशन और मुखबिर तंत्र की सक्रियता का परिणाम है। पहला मामला अपराध क्रमांक 15/25 का है, जिसमें प्रार्थिया हंसीना बिंझेकर द्वारा होली पर्व के दौरान गांधी उद्यान के सामने यात्री प्रतीक्षालय में रखे बैग से 40,000 रुपये चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दूसरा मामला प्रार्थी जयकिशन दिवान निवासी धमतरी का है, जिनकी स्प्लेंडर मोटरसायकिल 10-10-2025 को कृषि उपज मंडी परिसर से चोरी हो गई थी। इस पर अप.क्र. 43/25 दर्ज किया गया। तीसरे प्रकरण में प्रार्थी नंदकुमार नेताम की पल्सर मोटरसायकिल 14-11-2025 को जेएमएफसी देवपुर गेट के बाहर से चोरी हुई थी, जिस पर थाना सिहावा में अप.क्र. 73/25 पंजीबद्ध हुआ। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बालक चोरी की मोटरसायकिल बेचने ग्राहक तलाश रहा है। घेराबंदी कर बस स्टैंड क्षेत्र से उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने तीनों बाइक चोरी तथा 40,000 रुपये की चोरी स्वीकार की, जिसमें से 6,300 रुपये उसके छिपली स्थित किराए के कमरे से बरामद हुए। उसकी निशानदेही पर स्प्लेंडर प्लस, स्प्लेंडर और बजाज पल्सर बाइक भी जब्त की गईं। आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड धमतरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस अन्य मामलों की भी जांच कर रही है और आम जनता को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

समिति के अधिकारी और कर्मचारी रहे मौजूद

# पहले दिन 9 खरीदी केंद्रों में खरीदा गया 735.60 क्विंटल धान






हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी का औपचारिक शुभारंभ किया गया। पहले दिन जिले के 72 खरीदी केंद्रों में 420 किसानों का 19486.80 क्विंटल धान खरीदी के लिए टोकन कटा था, जिसमें से 9 खरीदी केंद्रों में 25 किसानों से 735.60 क्विंटल से धान खरीदा गया। अधिकांश केंद्रों में प्रभारी सहित अन्य कर्मचारी आए ही नहीं, जिसके चलते खरीदी औपचारिक शुभारंभ तक ही सिमट गई। यहां पर किसानों को सोमवार को धान लेकर बुलाया गया है।

धान खरीदी का मामला सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। वहीं पहले दिन अधिकांश खरीदी केंद्रों में प्रभारी अधिकारी नहीं पहुंचे, जिसके चलते इन केंद्रों में खरीदी नहीं हो पाई। जिले के 8 खरीदी केंद्रों में प्रभारियों ने सफलतापूर्वक धान की खरीदी की है। इसमें संबलपुर, बगौद, कुंडेल, मरौद, आमदी, सोरम, गट्टासिल्ली, करैहा धान खरीदी केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों में खरीदी के बाद पूरी जानकारी ऑनलाइन चढ़ा भी दी गई है। उल्लेखनीय है कि कई प्रभारी अधिकारी खरीदी को लेकर कई प्रकार की समस्या बता रहे थे। इन केंद्रों में सफलतापूर्वक खरीदी होने के बाद प्रशासन ने अन्य प्रभारी अधिकारियों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। उम्मीद की जा रही है कि सोमवार से अधिकांश खरीदी केंद्रों में धान खरीदी शुरू कर दी जाएगी।



### महापौर ने किया शुभारंभ

संबलपुर धान उपार्जन केंद्र में महापौर रामू रोहरा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, कृषि विभाग के अधिकारियों, सहकारिता समिति के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। भटगांव, सोरम, रूद्री सहित कई खरीदी केंद्रों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की। प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा हेतु सभी व्यवस्था की जा चुकी है। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि खरीदी प्रक्रिया निर्बाध एवं पारदर्शी रूप से संचालित होगी।

### सहकारी कर्मचारियों का आंदोलन जारी

उधर सहकारी समिति के कर्मचारियों का आंदोलन जारी है। महासमुंद में धरनारत कर्मचारियों ने शनिवार को भिक्षा मांगकर गरीबों में वितरण करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है, तब तक वे आंदोलन पर डटे रहेंगे। उन पर एस्मा लगाया जाए या उन्हें बर्खास्त किया जाए, वे समिति का जायज हक लेकर रहेंगे।

### युकांइयों ने किया प्रदर्शन

धान खरीदी के पहले दिन अव्यवस्था को लेकर युवक कांग्रेस ने शंकरदाह खरीदी केंद्र में प्रदर्शन किया। शंकरदाह सोसाइटी में शनिवार की सुबह युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी धान खरीदी का जायजा लेने पहुंचे थे, लेकिन वहां पर अधिकारी कर्मचारी या अन्य कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। धान खरीदी के लिए इस केंद्र में कई किसानों का टोकन कटा था और वे धान लेकर पहुंचे थे। किसानों की समस्या को देखते हुए युवा कांग्रेस के नेता सोसाइटी में ही धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों का धान खरीदने का आश्वासन दिया। जब तक खरीदी प्रारंभ नहीं हुई तब तक युकांई धरने पर डटे रहे। धरना प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से गौतम वाधवानी, दीपक सोनकर, वाताजंलि गोस्वामी, राकेश मौर्य, हितेश गंगवीर, देवेन्द्र देवांगन, गेंदलाल साहू आदि शामिल थे।

## मेघा सोसाइटी में धान खरीदी के लिए हुई पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड

छग शासन द्वारा 15 नवंबर से किसानों का धान समर्थन मूल्य पर लिया जा रहा है। खरीदी के लिए मेघा सोसाइटी में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य नंदिनी साहू, मेघा सरपंच मनीषा ध्रुव, मेघा समिति प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी, योगेश्वर साहू, संतोष साहू, सरपंच जय नारायण साहू, नोडल अधिकारी विकास डड़सेना, दिनेश साहू, डॉ कमल सिन्हा, भुवनेश्वर पटेल, डॉ रेखराम साहू, प्रभुदयाल साहू, देवेंद्र, दीनदयाल साहू, सुरेश साहू, वेद साहू, मोहन, संतोष, अजय सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## कुरुद सोसाइटी ने पहले दिन खरीदा 20.40 क्विंटल धान

- तराजू व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर धान खरीदी का किया शुभारंभ, किसानों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कुरुद विकासखंड में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई। जनप्रतिनिधियों ने किसानों का स्वागत फूलमाला और गमछा पहनाकर किया और फिर तराजू (इलेक्ट्रॉनिक कांटा) और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया। सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान का समर्थन मूल्य 3,100 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

शनिवार को किसान धान बेचने के लिए केंद्रों पर पहुंचे, जहां उत्साह देखा गया। किसानों को टोकन दिए गए और कतार में खड़े होकर धान बेचने की प्रक्रिया शुरू हुई।

कुरुद समिति में विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सोसाइटी अध्यक्ष प्रभात बैस, सीईओ जेपी नंदा, प्रबंधक त्रिलोचन बांसकार ने पूजा कर शकुन्तला अंसारी चरमुड़िया के किसान से 20.40 क्विंटल धान खरीदा। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बगौद में अध्यक्ष कुलेश्वर चन्द्राकर, नोडल अधिकारी रत्नदीप पांडे ने किसानों का स्वागत कर धान खरीदी की शुरुआत की। यहां 145.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसी तरह मंदरौद में चार किसानों का 192 क्विंटल 40 किलो धान खरीदा गया।



### नियमित रूप से होगी धान खरीदी : टिकेंद्र

कॉपरेटिव बैंक कुरुद शाखा प्रबंधक टीके बैस ने एक बार फिर से अपने सहयोगी कर्मचारियों से हड़ताल खत्म कर काम पर वापस लौटने की अपील करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार हमने वैकल्पिक व्यवस्था बना ली है। सोमवार से सभी तैयारियों के साथ नियमित रूप से सभी सोसाइटियों में धान खरीदने की व्यवस्था उपलब्ध होगी।

## पहले दिन पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏩सांकरा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा अंतर्गत आने वाले समिति सांकरा, बेलरबाहरा, रिसगांव एवं उमरगांव में पहले दिन शनिवार को पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा के अध्यक्ष गिरवर भंडारी ने बताया कि सोमवार को इन सभी स्थानों पर धान खरीदी चालू की जाएगी। आज केवल पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत, जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाई, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, सरपंच नागेंद्र बोरझा, रवि दुबे ग्राम व्यवस्था समिति के उपाध्यक्ष, पवन साहू सचिव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जन्मेजय साहू, नवागांव सरपंच नगीना सोम, उमरगांव सरपंच अंजना ध्रुव, उमरगांव जनपद सदस्य क्षमा साहू, दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी भूषण लाल साहू समेत किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### रामपुर स्कूल में बाल दिवस मना

**कोर्रा(भखारा)।** शामाधशा रामपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच ऋषिकुमार साहू द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रामपुर के बच्चों को न्योता भोज दिया गया।

## पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता की मौत

**निवास में अचेत पड़ा मिला था**

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता शनिवार की सुबह कमरे में अचेत हालत में मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार संतोष कुमार नेताम पिता गुहाराम उम्र 46 वर्ष लोक निर्माण विभाग धमतरी में कार्यपालन अभियंता के पद पर लगभग डेढ़ साल से कार्यरत थे। उनका मूल निवास ग्राम भुरसीडोंगरी थाना सिहावा है। वे जिला अस्पताल के बाजू में स्थित सिविल लाइन के सरकारी आवास में निवासरत थे। शुक्रवार की शाम वह वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 19 नवम्बर को प्रस्तावित वीआईपी आगमन के लिये सभास्थल का निरीक्षण करने एकलव्य खेल मैदान गए थे। उसके बाद अपने निवास सिविल लाइन चले गए। शनिवार की सुबह एक कर्मचारी ईई को जगाने के लिये उसके कमरे में गया जहां संतोष नेताम अचेत हालत में थे। कर्मचारी ने तत्काल घटना की जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी।

सूचना पर अधिकारी तत्काल उसके निवास पहुंच ईई को उपचार के लिये रत्नाबांधा रोड स्थित निजी अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही कलेक्टर, एसपी, अपर कलेक्टर, एएसपी, आयुक्त, एसडीओ सहित जनप्रतिनिधि व आदिवासी समाज के अध्यक्ष व समाजजन अस्पताल पहुंचे। मृतक की पत्नी दुर्ग में न्यायाधीश है।

सूचना पर वह भी धमतरी पहुंच गई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान दुर्ग, धमतरी के न्यायाधीश, विभिन्न जिलों के अधिकारी, ठेकेदार, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। मृतक का अंतिम संस्कार नाथिया नवागांव कांकेर में रविवार को होगा। मौत का कारण स्पस्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही कारणों का खुलासा हो पायेगा।

### मौत के कारणों की जांच होगी

इस संबंध में सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि धमतरी पीडब्ल्यूडी के संतोष कुमार नेताम सिविल लाइन में रहते थे। शनिवार की सुबह उन्हें बेहोश हालत में पाया गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। अभी कुछ कहना मुश्किल है। अटैक भी हो सकता है। मौत के कारणों की जांच की जायेगी।

## कस्टम मिलिंग का 22 लाख क्विंटल चावल मिलों में जाम

**रैक लगने के अभाव में अब तक चावल जमा नहीं कर पाए मिलर्स**

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

लेव्ही जमा करने में प्रदेश का सबसे अव्वल रहने वाला धमतरी जिला काफी पीछे रह गया है। रैक पॉलिसी के कारण अब तक 22.28 लाख क्विंटल चावल नान तथा एफसीआई में जमा नहीं हो पाया है। इधर समर्थन मूल्य में धान खरीदी का आगाज हो गया है।

धमतरी जिले में 226 राइस मिल है, जिसमें 119 राइस मिल अरवा तथा 107 राइस मिल उसना के लिए पंजीकृत है। यहां के मिलर्स प्रदेश के 9 जिले बालोद, गरियाबंद, कांकेर, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, कोंडागांव, बीजापुर, नाराायणपुर, मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी, सुकमा के धान उपार्जन केंद्रों से धान लाकर कस्टम मिलिंग करते है। सन 2024-25 के लिए शासन ने धमतरी जिले से नागरिक आपूर्ति निगम में 88,142.71 टन चावल तथा भारतीय खाद्य निगम में 5,59,795.50 टन चावल जमा करने का लक्ष्य रखा था। करीब 6.50 लाख टन चावल के लिए मिलर्स को 97.37 लाख क्विंटल धान का डीओ जारी किया गया। धान का उठाव 95.37 लाख क्विंटल हुआ जिसमें 65.37 लाख क्विंटल चावल अनुमानित जमा करना था। कस्टम मिलिंग को करीब सालभर बीतने के बाद अब तक 43.08 क्विंटल चावल नान और एफसीआई में जमा किया गया है जबकि 22.28 लाख क्विंटल चावल जमा करना शेष है।

राइस मिलर्स नवीन सांखला का कहना है कि हमारा जिला कस्टम मिलिंग करने में प्रदेशभर में सबसे अव्वल रहता है। इस साल रेलवे में रैक नहीं लगने के कारण नान तथा एफसीआई के गोदाम हाउसफुल है। चावल जमा नहीं होने से मिलों में चावल जाम है। अब फिर धान उठाव का समय आ गया है। मिलर्स के पास अब जितनी जगह रहेगी, उतना ही धान ही उठा पाएंगे।



### चार संग्रहण केंद्रों में 2.84 लाख टन की भंडारण क्षमता

जिले में चार धान संग्रहण केंद्र हैं जिसमें धान की भंडारण क्षमता 28.40 लाख क्विंटल है। सबसे बड़ा संग्रहण केंद्र भाठागांव है। यहां 10 लाख क्विंटल धान संग्रहण की क्षमता है। चिटौद संग्रहण केंद्र में 8.20 लाख क्विंटल, भोयना संग्रहण केंद्र में 6 लाख क्विंटल तथा जवरगांव संग्रहण केंद्र में 4.20 लाख क्विंटल धान रखने की क्षमता है। 13 नवंबर की स्थिति में चारों संग्रहण केंद्रों में 11574.03 टन धान का उठाव शेष है।

### रैक नहीं लगने से प्रभावित हुई कस्टम मिलिंग

डीएमओ सुनीलसिंह राजपूत ने बताया कि एफसीआई से चावल उठाव के लिए रेलवे से रैक नहीं लग पा रहा है। जिले के राइस मिलर्स चावल जमा करने को तैयार हैं। रैक लगने से निर्धारित लक्ष्य 6 लाख 47 हजार 938 मिट्रिक टन धान की पूर्ति हो जाएगी। अब तक 4 लाख 30 हजार 822 मिट्रिक टन चावल जमा हो चुका है। 2.22 लाख टन चावल जमा करना शेष है।

## सर्व हिंदू समाज की नई कार्यकारिणी घोषित

- महेश रोहरा अध्यक्ष, अशोक पवार सचिव बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

सर्व हिंदू समाज की वार्षिक बैठक हुई जिसमें पिछले तीन वर्षों के दौरान संस्था द्वारा किए गए सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। तीन वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष महेश रोहरा, उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह छाबड़ा, बिसेसर पटेल, रमेश लहरे, सचिव अशोक पवार, सहसचिव पवन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष यशवंत साहू, संरक्षक दीपक लखोटिया, संगठन महामंत्री विजय गोलछा एवं वरुण राय तथा मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल बनाए गए। सभी सदस्यों ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संस्था को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर समिति के सदस्य जानकीप्रसाद शर्मा, राजेश शर्मा, सुबोध राठी, अजय जैन, दिलीप सोनी एवं नंदू जसवानी भी उपस्थित थे।



### छात्रों ने लगाए व्यंजनों के अनेक स्टाल

**कोर्रा(भखारा)।** माध्यमिक विद्यालय दरगहन में बाल दिवस पर बाल मेला आयोजित किया गया, जिसमें सभी कक्षा के बच्चों द्वारा स्कूल प्रांगण में अनेक प्रकार का व्यंजन बनाकर दुकान लगाई गई थी। मेला में ग्रामवासी शामिल हुए और बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को खरीदा। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक ओपी साहू, चंद्राकर मेडम, टीआर साहू, श्री बारले, शिव साहू, श्री नेताम, श्री धरम, प्रधानपाठिका मेडम समेत ग्रामीण गोपाल ध्रुव, लिखन ध्रुव, लोमेश, रोमनाथ ध्रुव, शामिल हुए।

### अग्निवीर सैन्य भर्ती पर सेमिनार 17 को

**धमतरी।** जिला प्रशासन द्वारा आगामी जनवरी में आयोजित होने वाली अग्निवीर सैन्य भर्ती को ध्यान में रखते हुए युवाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन 17 नवम्बर को शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी में प्रातः 11 बजे एवं सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी में दोपहर 3 बजे होगा। कार्यक्रम के दौरान सेना भर्ती कार्यालय रायपुर की विशेषज्ञ टीम युवाओं को अग्निवीर भर्ती के सभी चरणों शारीरिक परीक्षण, मेडिकल जांच, योग्यता मानक, अंक प्रदान प्रणाली की जानकारी देगी।







